कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक एवं महासमादेष्टा, गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)
प्लॉट नं. 04/01/10–11, सेक्टर नं.–04, विद्याधर नगर, जयपुर
ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोननम्बर 0141–2612593
Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांकः–प.37(3293)गृरमु/पीएसएएल/2022/68815-816 दिनांक–11 OCT 2023

कार्यालय आदेश

आवेदक श्री मदन सिंह राव पुत्र श्री ईश्वर सिंह राव निवासी डी–204, शिव श्रृष्टि कॉम्पलेक्स, अचोले रोड, राजनगर, दुबे मेडिकल कॉलेज के पास, नला सोपार, वसई, ठाणे, महाराष्ट्र–401209 द्वारा मैसर्स–फोर्स सेवन सिक्यूरिटी एण्ड फेसेलिटी सर्विस के नाम से लाईसेन्स संख्या 1363/2017 दिनांक 28.03.2017 वैधता दिनांक 27.03.2023 के नवीनीकरण हेतु दिनांक 20.01.2022 को इस कार्यालय में ओन–लाईन आवेदन किया गया है। इस संदर्भ में इनको बकाया दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु इस कार्यालय के पत्र कमांक 8729–30 दिनांक 30.03.2022 द्वारा सूचित किया गया। आवेदक श्री मदन सिंह राव द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर इस कार्यालय के पत्र कमांक 16001–02 दिनांक 23.05.2023 के द्वारा स्मरण पत्र जारी किया गया। फिर भी आवेदक द्वारा दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं करने पर इस इस कार्यालय के रजिस्टर्ड पत्र कमांक 19369–70 दिनांक 23.06.2022 के द्वारा पुनः स्मरण पत्र जारी किया गया एवं सुरक्षा एजेन्सी से फेसेलिटी शब्द हटाकर संशोधित दस्तावेज प्रस्तुत करने बाबत सूचित किया गया। आवेदक मदन सिंह राव के मूल निवास की जांच रिपोर्ट में पुलिस आयुक्त, ठाणे, महाराष्ट्र द्वारा अवगत कराया गया कि आवेदक दिये गये पते पर नहीं रहता है। आवेदक के दिये गये पते पर नहीं रहने के कारण इस कार्यालय के पत्र कमांक 22698 दिनांक 21.07.2022 के द्वारा आवेदक के कार्यालय पते पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया। आवेदक के कार्यालय पते पर जारी यह पत्र डाक विभाग की टिप्पणी लेफ्ट एवं रिफ्यूज्ड अंकित किया जाकर वापस इस कार्यालय को प्राप्त हुआ।

आवेदक श्री मदन सिंह राव द्वारा 18 माह का समय व्यतीत हो जाने पर भी उक्त पत्रों का कोई जवाब व बकाया दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये है। अतः आवेदक श्री मदन सिंह राव द्वारा प्रस्तुत मैसर्स–फोर्स सेवन सिक्यूरिटी एण्ड फेसेलिटी सर्विस के नवीनीकरण आवेदन संख्या 3293 एवं लाईसेन्स संख्या 1363/2017 दिनांक 28.03.2017 वैधता दिनांक 27.03.2022 को तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

(यू. आर. साहू IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक एवं महासमादेष्टा)
गृह रक्षा, निदेशालय, राजस्थान,
जयपुर

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्री मदन सिंह राव पुत्र श्री ईश्वर सिंह राव निवासी डी–204, शिव श्रृष्टि कॉम्पलेक्स, अचोले रोड, राजनगर, दुबे मेडिकल कॉलेज के पास, नला सोपार, वसई, ठाणे, महाराष्ट्र–401209
2. प्रभारी, कम्प्यूटर सैल, कार्यालय हाजा को विभागिय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।

10/10

नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक एवं महासमादेष्टा)
गृह रक्षा, निदेशालय, राजस्थान,
जयपुर